राष्ट्रपति का वृंदावन दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नंद किशोर सोमानी ओनकोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया. यह अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी सुविधाओं से लैस है और क्षेत्र में कैंसर देखभाल को मजबूत करेगा।

तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे पर आईं राष्ट्रपति ने आज सुबह प्रेमानंदजी महाराज आश्रम का दौरा भी किया। शाम में राष्ट्रपति बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की देखभाल के लिए समर्पित संस्था वात्सल्य ग्राम का दौरा करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर भोपाल में 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। आरसीवीपी नरोन्हा अकादमी में आयोजित इस संगोष्ठी में हार्टफुलनेस संस्थान के कमलेश डी. पटेल ने मुख्य संबोधन दिया और आनंद व प्रसन्नता के विविध पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश देश का पहला और एकमात्र राज्य है जहाँ 'आनंद विभाग' कार्यरत है।

मुख्यमंत्री- जयपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जयपुर में उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। आईटीसी राजपूताना होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में वे निवेशकों को प्रदेश में उद्योग लगाने का न्योता देंगे। मुख्यमंत्री राज्य की नई औद्योगिक नीतियों और निवेश के अवसरों की जानकारी भी देंगे। भीलवाड़ा के बाद जयपुर उनके निवेश आकर्षण अभियान का अगला पड़ाव है।

चैत्र नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन आज पूरे प्रदेश में मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की जा रही है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मां ब्रह्मचारिणी के चरणों में नमन करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मकता की कामना की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी नवरात्रि के अवसर पर कहा

है कि मां अम्बे के प्रति भक्ति मन को अपार शांति और ऊर्जा से भर देती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर मां अम्बे को समर्पित एक भक्ति गीत भी साझा किया है।

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी

1857 की क्रांति की महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की आज पुण्यतिथि है। आज ही के दिन साल 1858 को उन्होंने मंडला के देवहरीगढ़ में ब्रिटिश सेना से लड़ते हुए गुलामी स्वीकार करने की बजाय आत्मबलिदान दिया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें नारी शक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति बताते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

विश्व गौरैया दिवस

आज विश्व गौरैया दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घर-आंगन को चहकाने वाली इस नन्ही चिड़िया के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है. उन्होंने लोगों से घोंसला व दाना-पानी की व्यवस्था करने का आग्रह भी किया है। हर साल 20 मार्च को मनाए जाने वाले इस दिवस का मकसद गौरैया की घटती संख्या के प्रति जागरूकता फैलाना है।

मौसम का हाल

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ सिस्टम सक्रिय होने से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। कल रात 15 से ज़्यादा जिलों में तेज़ आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हुई. वहीं धार, आगर मालवा, दमोह और शुजालपुर समेत कई इलाकों में बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी गेहूँ की फसल को नुकसान की आशंका है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में सिवनी, मंडला, बालाघाट, दतिया और टीकमगढ़ में ओले गिरने की चेतावनी दी है, साथ ही ग्वालियर और जबलपुर सहित कुल 34 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में :-

- नर्मदापुरम जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन की गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं।
- आगरमालवा के बालिका छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं को महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई।
- बड़वानी जिले में कल रात ओलें गिरने से गेहूं और चने की पकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है।
- शिवपुरी जिले में जल संरक्षण, संवर्धन एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।
- मैहर में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां शारदा देवी धाम में बे-मौसम बारिश ने अचानक माहौल बदल दिया। तेज बारिश होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।